विषयः (हिंदी (प्रथम भाषा)

कक्षाः छठी

समय : 3: घंटे

विषय वस्तु

भाग-कः **बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न**

संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया की पहचान, पर्यायवाची शब्द और पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में से अति लघूत्तर प्रश्न

भाग-खः **अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

लिंग बदलो, वचन बदलो, विपरीत शब्द, भाववाचक संज्ञा निर्माण विशेषण निर्माण, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, शब्द शुद्धि, विराम चिह्न, पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में से शब्द-अर्थ

भाग-गः **पारिभाषिक व्याकरण**

संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया

भाग-घः **पाठ्य पुस्तक की विषय वस्तु से सम्बंधित प्रश्न**

पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या

पाठ्य -पुस्तक के अभ्यासों में से अति लघूत्तर प्रश्न

पाठ्य -पुस्तक के अभ्यासों में से निबन्धात्मक प्रश्न

भाग-ङः **मुहावरे एवं लोकोक्तियां**

भाग-चः **रचनात्मक लेखन**

पत्र / प्रार्थना पत्र

कोई दो पत्र/ प्रार्थना पत्र देकर किसी एक विषय पर पत्र लिखने के लिए कहा जाएगा।

पत्र

1. नई कक्षा तथा विद्यालय के प्रथम दिन के अनुभव का वर्णन करते हुए अपने पिता को पत्र लिखें ।

2.अपने चाचा जी को जन्मदिन पर भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद देते हुए पत्र लिखें ।

3-मित्र को परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखें ।

4. अपने बड़े भाई को स्कूल के वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए पत्र लिखें ।

प्रार्थना पत्र

5.अपनी कक्षा के सभी छात्रों की ओर से पिकनिक आयोजन हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

6. बड़ी बहन के विवाह हेतु 2 दिन का अवकाश मांगते हुए प्रधानाचार्य को आवेदन पत्र लिखिए।

7- अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को आवेदन पत्र लिखिए जिसमे किसी दूसरे विद्यालय से फुटबॉल मैच खेलने की अनुमति मांगी गई हो ।

8- अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को चरित्र प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु पत्र लिखिए ।

निबन्ध लेखन

निम्नलिखित विषयों में से कोई तीन विषय देकर किसी एक पर 150-200 शब्दों मे निबन्ध लिखने को कहा जाएगा।

1. मेरा प्रिय मित्र 2. प्रात: काल की सैर 3. मेरा विद्यालय 4. हमारे त्योहार : होली/राखी 5. समय का सदुपयोग 6. मेरी माता 7. मेला/प्रदर्शनी /किसी मैच का आंखों देखा वर्णन 8. स्वच्छ भारत 9. श्री गुरु नानक देव जी।

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्य पुस्तक

हिंदी पुस्तक-6

प्रश्न-पत्र की रूपरेखा

विषय : हिन्दी (प्रथम भाषा)

कक्षाः छठी

समय : 3 घंटे

- प्रश्न-पत्र के छह भाग (क से च तक) होंगे।
- प्रश्न-पत्र में कुल 9 प्रश्न होंगे।
- सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।

भाग-क : बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न

प्रश्न-1 : में (1) से (18) तक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया की पहचान, पर्यायवाची शब्द तथा पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में से अति लघूत्तर प्रश्नों से सम्बंधित प्रत्येक में से बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले तीन-तीन वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न **एक अंक** का होगा।

भाग-खः अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न

नोटः भाग 'ख' के अन्तर्गत एक शब्द से एक वाक्य तक के उत्तर वाले अथवा हाँ / नहीं अथवा रिक्त स्थानों की पूर्ति अथवा सही / गलत अथवा अथवा मिलान कीजिए किसी भी प्रकार के
प्रश्न हो सकते हैं। प्रश्न पत्र निर्माता इनमें से किसी भी प्रकार से निम्नलिखित अनुसार यथोचित
प्रश्न पूछ सकता है:

प्रश्न-2: लिंग बदलो, वचन बदलो, विपरीत शब्द, भाववाचक शब्द निर्माण, विशेषण
निर्माण, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, शब्द शुद्धि, विराम चिह्न, पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में से शब्द-अर्थ से सम्बंधित 2-2 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न **एक अंक** का होगा।

भाग-ग प्रश्न-3, पारिभाषिक व्याकरण (संज्ञा, सर्वनाम,विशेषण, क्रिया) से सम्बधित कोई तीन प्रश्न देकर उनमें से दो के उत्तर लिखने के लिए कहा जाएगा।

भाग-घ पाठ्य पुस्तक की विषय वस्तु से सम्बंधित प्रश्न

प्रश्न-4, पाठ्य पुस्तक में संकलित 'कविता भाग' में से दो पद्यांश दिये जायेंगे जिनमें से एक पद्यांश **की सप्रसंग व्याख्या** लिखने के लिए कहा जाएगा।

प्रश्न-5 पाठ्य पुस्तक में से सात अति लघूत्तर प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग एक-दो पंक्तियों में लिखने के लिए कहा जाएगा।

प्रश्न-6 पाठ्य पुस्तक में से निबन्धात्मक प्रश्नों में से छह निबन्धात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग चार-पाँच पंक्तियों में लिखने के लिए कहा जाएगा।

भाग-ङ मुहावरे एवं लोकोक्तियां

प्रश्न-7 यह प्रश्न मुहावरे एवं लोकोक्तियों से सम्बन्धित होगा। पाँच मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ देकर उनमें से किन्हीं तीन मुहावरे एवं लोकोक्तियों को वाक्यों में प्रयोग करने को कहा जाएगा।

भाग-च (रचनात्मक लेखन)

प्रश्न-8 यह प्रश्न पत्र लेखन से सम्बन्धित होगा। इसमें 100 प्रतिशत आन्तरिक विकल्प दिया जाएगा।

प्रश्न-9 यह प्रश्न निबन्ध-लेखन से सम्बन्धित होगा। कोई तीन विषय देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में निबन्ध लिखने के लिए कहा जाएगा।